
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 98 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए


**विचार-प्रवाह...** दवाओं के जरिए कोरोना से जंग



# पेज थ्री


देहरादून, मंगलवार, 14 जुलाई 2020




मौसम | अधिकतम 34.0° | न्यूनतम 24.0°

36693.69


2 रूस में पुतिन का जोरदार विरोध

7 धोनी वनडे इंटरनैशनल में गांगुली से बेहतर


## संक्षिप्त समाचार

### विधायक की मौत की सीआईडी करेगी जांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हेमताबाद सीट से बीजेपी विधायक देबेंद्र नाथ रे की मौत के मामले की जांच सीआईडी करेगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीईडी जांच के आदेश दे दिए हैं। पश्चिम बंगाल बीजेपी ने उत्तर दिनाजपुर में आरक्षित सीट हेमताबाद के बीजेपी विधायक देवेंद्र नाथ रे की मौत का आरोप टीएमसी पर लगाया है। पुलिस ने बीजेपी विधायक की जेब से सुसाइड नोट बरामद किया है। नोट में 2 लोगों ने उनकी मौत के लिए जिम्मेदार बताया गया है।

### चार्टर्ड काउंटेंट परीक्षा रद्द कर दी गई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इस महीने होने वाली चार्टर्ड काउंटेंट परीक्षा रद्द कर दी गई है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में इस बारे में जानकारी दी है। गौरतलब है कि आईसीएआई की यह सीए परीक्षा मई 2020 में ही होनी थी। लेकिन कोरोना वायरस के कारण बिगड़ते हालात के मद्देनजर इसे जुलाई तक स्थगित कर दिया गया था। बीते महीने सुप्रीम कोर्ट के कहने पर संस्थान ने स्टूडेंट्स को परीक्षा केंद्र चुनने/बदलने का विकल्प भी दिया था।

### जम्मू पहुंचे सेना प्रमुख एमएम नरवणे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जम्मू। जम्मू–कश्मीर में पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन के मामलों के खिलाफ भारतीय सेना जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इस बीच सोमवार को भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे सीमा पर सेना की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जम्मू पहुंचे। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। इस दौरान उन्हें वरिष्ठ कमांडरों ने मौजूदा हालात और सुरक्षा की स्थितियों की जानकारी दी।

# आत्मनिर्भर भारत में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका

## मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ किया ई–संवाद

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश के समग्र विकास के लिए गांवों का विकसित होना जरूरी है। ग्राम स्वराज को साकार करना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सभी को मिलजुल कर काम करना है। चुनौतियों को अवसर में बदलना होगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा से वर्चुअल क्लास के माध्यम से प्रदेश के पंचायत प्रतिनिधियों से ई–संवाद किया।



### जागरूकता में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय पूरा विश्व कोविड–19 के दौर से गुजर रहा है। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने एक योद्धा के तरह की भूमिका का निर्वहन किया है। कोरोना काल में जनप्रतिनिधियों की भूमिका और अधिक बढ़ गई है। कोरोना से लड़ाई लम्बे समय तक चल सकती है, हमें सतर्कता एवं जागरूकता पर विशेष ध्यान देना होगा। भारत में इस वायरस से मृत्यु दर बहुत कम है एवं रिकवरी रेट भी अच्छा है।

**भारत नेट फेज-2 से हर गांव तक पहुंचेगा इंटरनेटः** भारत नेट फेज –2 परियोजना में राज्य के 12 जनपदों के 65 ब्लॉक के अंतर्गत 5991 ग्राम पंचायतों में इंटरनेट पहुचाया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए लगभग 2 हजार करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इससे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में इंटरनेट पहुचने से विकास के एक नए युग आरंभ होगा व ग्रामीण अंचलों की अर्थ व्यवस्था को गति मिलेगी।

**आत्मनिर्भर भारत के लिए गांवों का विकास जरूरीः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से कार्य करने होंगे। अवसर को चुनौतियों में बदलना होगा।

देश के समग्र विकास के लिए गांवों का विकसित होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री जी ने आत्मनिर्भर भारत के लिए देशवासियों को 20 लाख करोड़ रूपये का पैकेज दिया है। हमें स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना होगा। देश में गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए नवम्बर माह तक लोगों को 05–05 किग्रा राशन निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। आज भारत पीपीई किट, एन–95 मास्क की देश में पूर्ति के साथ ही, जरूरतमंद देशों को निर्यात भी कर रहा है। प्रधानमंत्री जी के डिजिटल इंडिया के परिणामस्वरूप आज लोगों को बड़ी राहत मिली है। डिजिटल इंडिया के प्रत्यक्ष परिणाम आज सबके सामने हैं।

### कोविड-19 से निपटनें के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोविड से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। आज हमारे पास वेंटिलेटर, आईसीयू, बैड एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। प्रदेश में प्रतिदिन 02 हजार से अधिक कोरोना टेस्ट हो रहे हैं, कुछ और ट्रू–नेट मशीन हमें मिलने वाली है, जिससे टेस्टिंग में और तेजी आयेगी। प्रदेश में कुल 22 हजार बैड की क्षमता के कोविड केयर सेंटर बनाये गये हैं, हल्द्वानी में 500 बैड की क्षमता को एक और कोविड केयर सेंटर बनाया जा रहा है।


**विस्तृत खबर पेज 3 पर...**


## यूपी में 1664 नए मामले आए सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। यूपी में कोरोना वायरस का संक्रमण अब डराने लगा है। यूपी में पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी के रेकॉर्ड 1664 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान ब्वअपक–19 की चपेट में आकर राज्य में 21 लोगों की मौत भी हुई है। महामारी के बढ़ते संक्रमण के बीच राहत की खबर भी है। पिछले 24 घंटे में 869 लोग पूरी तरह ठीक होकर अपने घर गए हैं। रविवार तक कुल 24203 लोगों को डिस्चार्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथि ने प्रदेश में टेस्टिंग क्षमता को बढ़ाकर 50 हजार टेस्ट प्रतिदिन किए जाने के निर्देश दिए हैं। वाराणसी, बलिया, गाजियाबाद और झांसी में सैंपल कलेक्शन में बढ़ोत्तरी करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने टेस्टिंग के लिए विशेष मोबाइल टेस्टिंग वैन का प्रयोग करने के भी निर्देश दिए हैं।

# संक्रमितों की संख्या 8,78,254 पहुंची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■कोरोना के सर्वाधिक 28,701 नए मामले आए

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के सर्वाधिक 28,701 मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या सोमवार को बढ़कर 8,78,254 हो गई। वहीं, इस खतरनाक वायरस की वजह से 500 और लोगों की मौत के बाद देश में मृतकों की कुल संख्या 23,174 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 5,53,470 लोग स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 3,01,609 लोगों का इलाज चल रहा है और एक व्यक्ति देश से बाहर जा चुका है। एक अधिकारी ने कहा, ''अब तक 63.01 फीसदी मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।'' संक्रमण की पुष्टि वाले कुल मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। यह लगातार चौथा ऐसा दिन है, जब देश में संक्रमण के 26,000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

आईसीएमआर के अनुसार 12 जुलाई तक 1,18,06,256 नमूनों की जांच हुई है, जिनमें से 2,19,103 नमूनों की जांच रविवार को हुई। छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस से कुल 4,059, झारखंड में 3,756, उत्तराखंड में 3,537, गोवा में 2,453, त्रिपुरा में 2,054, मणिपुर में 1,609, पुडुचेरी में 1,418, हिमाचल प्रदेश में 1,213 और लद्दाख में 1,086 लोग संक्रमित हुए हैं। मंत्रालय ने कहा, ''हमारे आँकड़ों को आईसीएमआर के आँकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।''

# राजस्थान में पिक्चर अभी बाकी बीजेपी ने की फ्लोर टेस्ट की मांग

## सबकुछ ठीक है तो ड्रामा बंद कर सरकार चलाएं गहलोतः बीजेपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजस्थान में विधायकों की परेड के साथ ही मामला खत्म नहीं हुआ। पिक्चर अभी बाकी है। अब भारतीय जनता पार्टी ने पासा फेंका है। सोमवार को सीएम आवास पर कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई जिसमें कुल 107 विधायक मौजूद थे। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, सचिन पायलट समेत 20 कांग्रेस विधायक मीटिंग में शामिल नहीं हुए। इसके बाद, बीजेपी को कुछ उम्मीद दिखाई दे रही है।

पार्टी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से विधानसभा में बहुमत साबित करने की डिमांड की है। बीजपी आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय ने कहा, अशोक गहलोत को फौरन बहुमत साबित करने के लिए फ्लोर टेस्ट देना चाहिए। अगर वो अपने विधायकों को रिजॉर्ट ले जा रहे हैं तो साफ है कि उनके पास नंबर्स नहीं हैं और वह सिर्फ अटल सत्य को टालने की कोशिश कर रहे हैं।

### पायलट ने भी गहलोत को दी चुनौती

सचिन पायलट के करीबी सूत्रों के हवाले से न्यूज एजेंसी एएनआई ने कहा, ष्अशोक गहलोत सरकार के पास वो संख्या–बल नहीं है जिसका वो दावा कर रहे हैं। सीएम का बैक गार्डन बहुमत साबित करने की जगह नहीं है, वो विधानसभा में होता है। अगर उन्होंने जो दावा किया है, उतने विधायक उनके पास हैं तो गिनती क्यों नहीं कराते, उन्हें गवर्नर के पास ले जाने के बजाय होटल क्यों ले जा रहे हैं?

**बीजेपी को क्यों दिख रही उम्मीदः** फिलहाल गहलोत के समर्थन वाले विधायक होटल में हैं। जबकि पायलट के करीबी गुड़गांव में ठहरे हैं। हालांकि गहलोत खेमे के कुछ विधायकों की नजर राजभवन पर भी टिकी होगी जो विधानसभा में बहुमत परीक्षण की मांग मान ले तो खेल बदल सकता है।

**इधर प्रियंका की एंट्री, उधर बीजेपी का दांवः** बीजेपी ने फ्लोर टेस्ट की मांग ऐसे वक्त में उठाई है जब सचिन पायलट के रुख में नरमी देखी जा रही है। प्रियंका गांधी ने गहलोत और पायलट से बात की है। इसी के बाद पायलट ने कुछ शर्तें सामने रखी हैं।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# भारतीय न्यूज चैनलों से बैन हटाया

## दर्शकों की डिमांड के आगे झुका नेपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल के केबल ऑपरेटरों ने ओली सरकार के इशारे पर भारत के न्यूज चैनलों पर लगाए गए प्रतिबंध ा को हटा लिया है। रविवार शाम से नेपाल में भारतीय चैनलों का प्रसारण शुरू हो गया है। मैक्स डिजीटल टेलीविजन के वाइस चेयरपर्सन धुर्बा शर्मा ने केबल ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद यह प्रतिबंध हटाने का फैसला किया।

शर्मा ने बताया कि कुछ आपत्तिजनक कार्यक्रम दिखाने वाले चैनलों के प्रसारण पर अभी भी प्रतिबंध लगा हुआ है। इससे पहले पीएम केपी शर्मा ओली और चीनी राजदूत को लेकर किए गए कवरेज से नाराज होकर देश में भारतीय चौनलों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। शर्मा ने कहा कि कुछ चैनल अभी आपत्तिजनक कार्यक्रम दिखा रहे हैं जो अभी भी नेपाल में प्रतिबंधित हैं। माई रिपब्लिका की रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी संख्या नेपाली दर्शकों ने भारतीय न्यूज चैनलों को सब्सक्राइब कर रखा है।